26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी


बिजनौर : रविवार, 30 अगस्त , 2026

अंक- 306 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

# न्यूयॉर्क में भागवत बोले- भारत के डीएनए में एकता-विविधता

## हम अलग होकर भी एकदूसरे से जुड़े, गलत सोच इंसान को जानवरों के करीब ले जाती है

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शनिवार रात करीब 42 मिनट स्पीच दी। उन्होंने कहा कि एकता और विविधता भारत के ख्रद्ध में है। लोग अलग दिखते हैं, उनके रहने के तरीके हैं, लेकिन सभी के बीच एक जन्मजात जुड़ाव है। भागवत ने कहा- विविधता में एकता भारत की पारंपरिक सोच है और देश समय-समय पर पूरी दुनिया को इसका एहसास कराता रहा है। उन्होंने आगे कहा- सोचने की क्षमता इंसान के लिए एक वरदान है। सही सोच इंसान को भगवान के करीब ले जाती है, जबकि गलत सोच उसे जानवरों के करीब ले जाती है। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित 'यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन' कार्यक्रम में 5,000 से ज्यादा भारतीय मूल के अमेरिकी शामिल हुए।



## पीएम मोदी ने उज्बेकिस्तान में लोगों को योग सिखाया



पीएम नरेंद्र मोदी दो दिन के उज्बेकिस्तान दौरे पर हैं। उन्होंने आज सुबह ताशकंद में एक योग सेशन में हिस्सा लिया। पीएम ने वहां मौजूद लोगों को योग करना भी सिखाया। पीएम ताशकंद में शास्त्री मेमोरियल और महात्मा गांधी सेंटर भी जाएंगे। प्रधानमंत्री के रूप में यह उनका चौथा उज्बेकिस्तान दौरा है। ताशकंद में मोदी और राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के बीच बैठक होगी। इसमें व्यापार, निवेश, रक्षा, ऊर्जा, शिक्षा और आपसी सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की जाएगी।

## आईएएस दिव्या मित्तल ने अपने पद से दिया इस्तीफा

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने 13 वर्षों की प्रशासनिक यात्रा को विराम देते हुए अपनी इच्छा से पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक संदेश साझा कर अपने फैसले की जानकारी दी। पोस्ट में उन्होंने आईएएस बनने के सफर से लेकर प्रशासनिक सेवा के दौरान आम लोगों से मिले अनुभवों और सीख को साझा किया।**

## पहली बार लखनऊ में रालोद का बड़ा सम्मेलन

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट राजनीति के जरिये अपनी पहचान बनाने वाले राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) ने अब ब्राह्मण मतदाताओं के बीच भी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कवायद तेज कर दी है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के बीच बढ़ती तल्खी के बीच 30 अगस्त को लखनऊ में होने वाला रालोद का राष्ट्रीय सम्मेलन इसी रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। सम्मेलन में करीब 1500 ब्राह्मणों को जुटाने की तैयारी है। पूर्वांचल के कद्दावर ब्राह्मण नेता बीके शुक्ला की मौजूदगी के साथ रालोद राजधानी से सपा को सियासी चुनौती देगा।


आज जिनकी नवम पुण्यतिथि है



नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि न च दहति पावकः।
न क्लेदयन्ति आपो न च शोषयति मारुतः।।

स्व. श्री सुरेश चन्द गोयल

एवं

श्रीमती अमिता गोयल

4.3.1951-30.8.2017 14.7.1954-30.8.2017

प्रत्येक व्यक्ति की इच्छा होती है कि उसके सिर पर सदा उसके माता-पिता का साया बना रहे, लेकिन नियति के आगे वह विवश हो जाता है। 9 वर्ष पूर्व आज के ही दिन 30.8.2017 को हम अपने माता-पिता के आशीर्वाद से वंचित हो गये थे। आज उनकी नवम पुण्यतिथि पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए हमें विश्वास है कि उनका आशीर्वाद स्वर्ग से हमें सदैव प्राप्त होता रहेगा।

माताजी-पिताजी आपको हमारा शत-शत नमन!

श्रद्धावनतः-

अक्षय गोयल-मुदिता गोयल
(पुत्र-पुत्रवधू)
दीप्ति जिंदल-दीपक जिंदल
(पुत्री-दामाद)
मधुर गोयल (पौत्र)
एवं समस्त गोयल परिवार

प्रतिष्ठानः-

♦मीनाक्षी ग्रुप ऑफ डायग्नेस्टिक
(बिजनौर, मेरठ, हल्द्वानी, नोएडा, मथुरा)
♦श्री कृष्णा बैंक्वेट हॉल- किरतपुर
♦श्री कृष्णा शोरूम-बिजनौर

मो. 9837748528





महालक्ष्मी प्रॉपर्टीज

मात्र 5 लाख रुपयों में 100 गज का प्लॉट प्राप्त करें।

आसान किस्तों में भी प्लॉट उपलब्ध



सस्ते मकान व सस्ते प्लॉट लेने के लिये सम्पर्क करें-

अंकुर कुमार बिजनौर मो. 9837881234

# 9 सितम्बर को नजीबाबाद तहसील पर आंदोलन

## भाकियू टिकैत की खानपुर में आयोजित हुई बैठक

नांगल सोती ( चिंगारी )। शनिवार को ग्राम खानपुर में आयोजित भाकियू ( टिकैत ) की बैठक में 9 सितम्बर को नजीबाबाद तहसील पर आहूत आंदोलन में किसानों से बढ़ - चढ़कर प्रतिभाग करने का आहवान किया गया। खानपुर में रामपाल सिंह के प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष अजय बालियान ने कहा कि नांगल के खादर क्षेत्र के किसानों पर दर्ज फर्जी मुकदमों को वापस लेने का आश्वासन देने के बावजूद प्रशासन ने मुकदमे वापस नहीं लिये हैं। तहसील में किसानों से हर काम के लिये पैसे मांगे जा रहे हैं और अंश निर्धारण में गड़बड़ियां हैं। बैठक में दीपक कुमार , मुकेश कुमार और विवेक कुमार को संगठन की सदस्यता दिलाई गई। ब्लॉक अध्यक्ष अजय बालियान की अध्यक्षता तथा साजिद हुसैन के संचालन में आयोजित बैठक में तहसील अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, दिनेश कुमार, अनिल सैनी, तुषार, मोहित, संदीप, सुरेन्द्र सिंह, फहीम अहमद, अंकुर देशवाल, बंटी, सत्यपाल सिंह, जनेशपाल, राहुल आदि मौजूद रहे।



भाकियू की बैठक में किसानों को संगठन की सदस्यता दिलाते पदाधिकारी

# मलबे उगल रहा है लाशें, नदियों में बढ़ता पानी, 734 मौतें..

## बाढ़ से सिसक रहे नेपाल पर नई आफत

**काठमांडू ( एजेंसी/चिंगारी )।** नेपाल में बाढ़ की तबाही अभी थमी नहीं है. मरने वालों की संख्या बढ़कर 734 हो गई है, जबकि करीब 3,000 लोग अब भी लापता हैं। इसी बीच सुनकोशी और भोटेकोशी नदियों का जलस्तर बढ़ने से चिंता फिर बढ़ गई है। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल नीचे के इलाकों में बड़ी बाढ़ का खतरा नहीं है। भारी बारिश, घने कोहरे और रास्तों पर पसरे मलबे के बीच राहत-बचाव का काम आज पांचवें दिन भी जारी है। रसुवा, नुवाकोट, धादिंग तथा चितवन में हालात सबसे ज्यादा खराब हैं। जगह-जगह सड़कें बह गई हैं, पुल टूट चुके हैं। ऐसे में जमीनी रास्ते से मदद पहुंचाना बेहद मुश्किल हो रहा है। कटे हुए इलाकों में लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली जा रही है।



### सुनकोशी-भोटेकोशी का बढ़ा पानी

रविवार सुबह सुनकोशी नदी का पानी सिंधुली में चेतावनी स्तर से ऊपर पहुंच गया। वहीं, रसुवा में भोटेकोशी का बहाव रात करीब 3 बजे के बाद अचानक बढ़ा, हालांकि बाद में इसकी रफ्तार कम होने लगी। लोगों से नदी किनारे वाले इलाकों में सावधानी बरतने को कहा गया है। रसुवा के प्रमुख जिला अधिकारी नरेंद्र परियार ने बताया कि बहाव अचानक बढ़ा था। इसके बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों को सतर्क किया। बाढ़ पूर्वानुमान महाशाखा ने कहा कि फिलहाल नदी के निचले इलाकों में बड़ी बाढ़ का खतरा नहीं है।

### 3000 लोग अब भी लापता

सबसे बड़ी चिंता उन लोगों को लेकर है, जिनका अभी तक पता नहीं चल पाया है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, करीब 3,000 लोग लापता हैं। इनमें 275 से ज्यादा भारतीय भी शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या कैलाश मानसरोवर यात्रा पर गए लोगों की है। अब तक 3,700 से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है, जिनमें 108 भारतीय नागरिक शामिल हैं। रसुवा की एक हाइड्रोपावर परियोजना से चार भारतीयों को भी सुरक्षित निकाला गया।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भारतीय मूल के 128 लोग अभी संपर्क में नहीं हैं। पिछले दो दिनों में 598 भारतीय चीन से सुरक्षित नेपाल पहुंचे। करीब 900 भारतीय अब भी चीन की तरफ हैं और वे सुरक्षित हैं। उनसे संपर्क किया जा सकता है।

### सुरंगों में फंसे लोगों की तलाश

रसुवा में हालात बेहद गंभीर हैं, जहां हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में कई लोग फंसे हुए हैं। निर्माणाधीन अपर त्रिशूली-1 प्रोजेक्ट की टनल में ही 100 से ज्यादा लोगों के फंसे होने की आशंका है। इन तक पहुंचने के लिए नेपाल सेना, पुलिस तथा सशस्त्र बल के 82 जवानों की संयुक्त टीम कीचड़ और मलबा साफ कर रही है।

## नेपाल से बहकर भारत की नदियों में आ रहीं लाशें..

नेपाल में आई भीषण बाढ़ का असर अब भारत में भी दिखाई दे रहा है। नारायणी नदी में बाढ़ के पानी के साथ शव बहकर महराजगंज तक पहुंच रहे हैं। यहां अब तक चार शव मिले हैं, जिनमें तीन बच्चों के हैं। नदी में बहकर आए शवों, मलबे, लकड़ियों और सामान की ये तस्वीरें बाढ़ की तबाही का दर्दनाक मंजर दिखा रही हैं। नारायणी नदी में सिर्फ पानी नहीं बह रहा। बाढ़ के साथ लकड़ियां, घरेलू सामान, सिलेंडर समेत कई चीजें भी भारत की तरफ आ रही हैं। इसी दौरान राहत-बचाव में लगे जवानों को नदी में कुछ संदिग्ध नजर आया। पास जाकर देखा गया तो वहां शव पड़े थे। बरामद चार शवों में तीन महिलाओं और एक पुरुष के होने की जानकारी दी गई है। महराजगंज प्रशासन ने शव मिलने की सूचना नेपाल को भेज दी है। पहचान से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो भी साझा किए गए हैं। अब आगे की कार्रवाई को लेकर नेपाल प्रशासन के फैसले का इंतजार किया जा रहा है। नदी पर तैनात बचाव दल लगातार नजर बनाए हुए है। जैसे ही कोई संदिग्ध वस्तु दिखाई देती है, जवान मौके पर पहुंचकर उसकी जांच करते हैं।


बिजनौर में खुल गया है

ATHER

कम डाउन पेमेंट कम ब्याज दर

आज ही लायें एथर स्कूटर

ATHER



बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।

मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# हरियाणा में दबिश देने गई नांगल थाने की पुलिस टीम निलम्बित

## दबिश के दौरान एक युवक ने खुद को गोली मार ली थी

## आला अफसरों को सूचना दिये बिना दी थी दबिश

**बिजनौर/नांगल सोती ( चिंगारी )।** बिना उच्चाधिकारियों को सूचना दिये गुरुग्राम (हरियाणा) में दबिश के लिये जाना नांगल थाने की पुलिस टीम को भारी पड़ गया। पुलिस अधीक्षक ने एक उपनिरीक्षक, दो आरक्षियों तथा दो प्रशिक्षु आरक्षियों को सस्पैंड कर दिया है। मामले ने इसलिये तूल पकड़ा कि दबिश के दौरान नांगल थाना क्षेत्र के ही आपराधिक प्रवृत्ति के एक युवक ने खुद को गोली मार ली थी और उसकी मौत हो गई थी। एसपी की कार्यवाही से नांगल थाने में हड़कंप मचा हुआ है।



डीके का फाइल फोटो।

ग्राम तिसोतरा निवासी सविता पत्नी राजवीर ने विगत एक अगस्त की रात्रि नांगल थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि शाम 7 बजे जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तो गांव के तीन युवक पंकज पुत्र संदेश, मोन्टी पुत्र मुन्नू तथा एक अज्ञात बाइक पर सवार होकर आये और उनमें से पंकज ने जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर तमंचे से फायर कर दिया। गोली से वह बाल - बाल बची तथा गोली उससे बचकर उसके घर के लकड़ी के दरवाजे के आर - पार हो गई। पुलिस ने जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया था। एक आरोपी मोंटी को पुलिस ने विगत 10 अगस्त को जेल भेज दिया था। जबकि पुलिस वांछित पंकज की तलाश में जुटी हुई थी। पंकज के खिलाफ नांगल थाने में अन्य मुकदमे भी दर्ज हैं।

सूत्रों के अनुसार पुलिस को पंकज की लोकेशन हरियाणा के गुरुग्राम में मिली थी। मंगलवार को नांगल पुलिस की 5 सदस्यीय टीम पंकज को पकड़ने के लिये गुरुग्राम गई थी। बताया जाता है कि पंकज गुरुग्राम के सेक्टर-14 में किराये के कमरे में रह रहा था। नांगल पुलिस वहां पहुंची, तो कमरे में पंकज, उसकी बहन, उसका दोस्त डीके और एक अन्य युवती मौजूद थी। पुलिस को देखकर पंकज बाहर भागा, तो पुलिस ने उसका पीछा कर उसे पकड़ लिया था। लेकिन इसी बीच डीके बाथरूम में गया और खुद को अपने पास मौजूद पिस्टल से गोली मार ली थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। दो दिन पूर्व उसके गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया है।

डीके उर्फ डिगेन्द्र उर्फ बिजेंद्र पुत्र स्व. प्रीतम नांगल थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर सोजीमल का निवासी था तथा आपराधिक प्रवृत्ति का था। उसके विरुद्ध नांगल थाने में वर्ष 2024 में जानलेवा हमले, एससी - एसटी एक्ट तथा पास के गांव में जाकर फायरिंग करने के आरोप में मुकदमे दर्ज हुए थे। उसके विरुद्ध अन्य थानों में भी मुकदमे बताये जाते हैं। उसके पास हर समय अवैध शस्त्र रहते थे। उधर पुलिस ने पकड़े गये पंकज को किशोर न्याय बोर्ड के आदेश पर बाल संप्रेक्षण गृह मुरादाबाद भेज दिया था।

उच्चाधिकारियों ने बिना अनुमति दूसरे राज्य में दबिश के लिये जाने के इस प्रकरण में कड़ा रुख अपनाते हुए मामले की जांच कराई। जांच के उपरांत शनिवार की शाम पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने गुरुग्राम गई पुलिस टीम में शामिल एसआई हरस्वरूप शर्मा, कां. रोहित खोखर, कां. सुजीत तोमर, रि.कां. अरुण कुमार तथा रि.कां. पवन कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पैंड कर दिया है। पुलिस अधीक्षक की इस कार्यवाही से नांगल थाने में हड़कंप मचा हुआ है।





★5999 रुपये के डाउन पेमेंट पर कोई भी स्कूटर अपने घर ले जायें।

★5000 तक के बेनिफिट

कविता मोटर्स

हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर

मो. 9289922765, 9457937407



धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड

सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए

विशेष लोन सुविधा


Salaried Loan
अब खास आपके लिए

लोन लेना हुआ और भी आसान

अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।

हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट

पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति



अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# त्यौहारों के दौरान जो भी डालेगा खलल, ठिकाने लगा दी जायेगी उसकी अकल

## अफजलगढ़ थाने में हुई शांति समिति की बैठक



अफजलगढ़ (चिंगारी)। जन्माष्टमी समेत आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। शनिवार को कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों, आयोजनकर्ताओं और क्षेत्र के जिम्मेदार लोगों के साथ त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर चर्चा की।

सीओ आलोक कुमार सिंह ने कहा कि त्योहार खुशी और आपसी भाईचारे के प्रतीक होते हैं। त्यौहारों दौरान किसी ने माहौल बिगाड़ने या कानून व्यवस्था में खलल डालने की कोशिश की तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आयोजनकर्ताओं से कार्यक्रमों में शांति व्यवस्था का पूरा खयाल रखने और किसी भी तरह के गैर परंपरागत कार्य से बचने की हिदायत दी। तहसीलदार विपिन कुमार चौधरी ने कहा कि सभी त्योहार मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाए जाएं। उन्होंने लोगों से पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी परेशानी या अप्रिय स्थिति की जानकारी तत्काल संबंधित पुलिस अधिकारी अथवा 112 पर दें। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। आयोजनकर्ता निर्धारित नियमों के अनुसार ही कार्यक्रम कराएं और ऐसी कोई गतिविधि न होने दें, जिससे कानून व्यवस्था प्रभावित हो।

बैठक में चेयरपर्सन पति जावेद विकार, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष खेल सिंह राजपूत, तेजपाल सिंह चौहान, चेयरमैन अनुज जोशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, सभासद मुकेश शर्मा, सभासद भीम सिंह रावत, प्रधान अनील त्यागी, संदीप कर्णवाल समेत अन्य लोगों ने पुलिस-प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान नायब तहसीलदार संजीव कुमार, अतुल अग्रवाल, शरद कर्णवाल, पूर्व सभासद विकास कुमार जैन, सभासद पति अजहर अहमद, प्रधान चौधरी गितेन्द्र, विकास गुर्जर, प्रधान कैलाशचंद्र चौधरी, प्रधान संजय कुमार, प्रधान विपिन कुमार, प्रधान पति वकील अहमद, पूर्व प्रधान रामनाथ सिंह चौहान, प्रधान पति रईस वकील, मोहित त्यागी, प्रधान रजी अहमद, प्रधान रिजवान अहमद, प्रधान उमर अहमद, प्रधान जाकिर हुसैन, पूर्व प्रधान श्याम लाल भारद्वाज आदि मौजूद रहे।


TATA MOTORS COMMERCIAL VEHICLES | Better Always
TATA
INTRA V30 GOLD PICKUP




APPLY FOR VACANCY

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

CNS Motors Pvt. Ltd. (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : 8484932387, 8476001007


## खेल प्रतियोगितायें कराईं, ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई

नूरपुर (चिंगारी)। मुरादाबाद रोड स्थित चिल्ड्रन्स एकेडमी में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर स्कूल में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के अंतर्गत टग ऑफ वॉर (रस्साकशी), बैडमिंटन तथा पुश-अप्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।



रस्साकशी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी शक्ति, टीम भावना और उत्साह का परिचय दिया।बालक वर्ग की टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में अरावली हाउस विजेता रहा, जिसमें आर्यन, देवेंद्र, कार्तिक, निकांश, अनिकेत, लक्षित, रोहाब, वंश, दिक्षित, कुशाग्र एवं अजीम ने शानदार प्रदर्शन किया। वहीं बालिका वर्ग में नीलगिरी हाउस ने जीत हासिल की, जिसमें राजश्री, इजना, जिया, गुलफिजा, ग्रेसी, दीपिका, सुर्भी एवं शिवन्या ने उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में कक्षा 11 से माधव एवं दिक्षित तथा बालिका वर्ग में कक्षा 12 से दीपिका एवं गुलफिजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की।पुश-अप्स प्रतियोगिता में कक्षा 12 से कार्तिक यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी शारीरिक क्षमता एवं फिटनेस का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर गौरव गोयल एवं मैनेजर डॉक्टर प्राज्ञ गोयल उपस्थित रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में पीटीआई शिवम त्यागी, एक्टिविटी इंचार्ज रचना यादव, अश्वनी कुमार, दलवीर सिंह, लोकेश कुमार, आरती भारद्वाज एवं ममता सैनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक में शैक्षणिक सुधार, छात्र हित और आगामी कार्यक्रमों की बनेगी रणनीति



बिजनौर (चिंगारी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) मेरठ प्रांत की प्रांतीय कार्यकारिणी बैठक 30 और 31 अगस्त को धामपुर स्थित राजपूताना रिजॉर्ट में आयोजित होगी। बैठक में संगठन के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री एस. बालकृष्ण और पश्चिम उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री विपिन गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। दो दिवसीय बैठक में मेरठ प्रांत की प्रांतीय कार्यकारिणी के करीब 237 कार्यकर्ताओं के साथ ही व्यवस्था में लगाए गए लगभग 100 कार्यकर्ता भी भाग लेंगे। सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में एबीवीपी मेरठ प्रांत के प्रांतीय मंत्री गौरव गौर ने बताया कि बैठक में पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा के साथ ही इस वर्ष होने वाले कार्यक्रमों की योजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। नौ जुलाई को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस कार्यक्रम और शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए हुए आंदोलनों की भी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालयों में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। इसके साथ ही संत रविदास जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में होने वाले कार्यक्रमों पर भी चर्चा होगी।

### स्क्रीन टाइम के बजाय एक्टिविटी टाइम पर जोर

बैठक में छात्रों के मानसिक और बौद्धिक विकास को ध्यान में रखते हुए 'स्क्रीन टाइम से एक्टिविटी टाइम' अभियान चलाने पर भी मंथन होगा। इसके अलावा गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के 350 वर्ष और आपातकाल के विरुद्ध आंदोलन के 50 वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मंत्री हनी अहलावत, विभाग संयोजक भास्कर शर्मा, शहर संयोजक अनमोल चौधरी, अमन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## तेज आवाज़ की शिकायत पर मस्जिद का लाउडस्पीकर उतरवाया

बिजनौर (बि.टा.)। शनिवार दोपहर स्थानीय मोहल्ला काजीपाड़ा जुलाहान स्थित कुम्हारों वाली मस्जिद में उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस वहां पहुंची। पुलिस के पहुंचने के दौरान मस्जिद में नमाज अदा की जा रही थी। बताया गया कि नमाज के बाद पुलिस ने मस्जिद के लाउडस्पीकर की आवाज तेज होने का हवाला देते हुए उसे उतरवा लिया। जानकारी के अनुसार, उस समय आला अधिकारी जिला जेल का निरीक्षण कर रहे थे। इसी दौरान मस्जिद के लाउडस्पीकर की तेज आवाज जेल परिसर तक पहुंच रही थी। तेज आवाज के कारण अधिकारियों को परेशानी होने की बात सामने आई। इसके बाद अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस मस्जिद पहुंची और लाउडस्पीकर उतरवा दिया। घटना के बाद मोहल्ले में कुछ समय के लिए हलचल का माहौल रहा। इस सम्बन्ध मे एसपी से बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

## विमल प्रकाश गोयल का निधन



किरतपुर (चिंगारी)। नगर के प्रसिद्ध सर्राफ व बैंकर्स विमल प्रकाश गोयल (93 वर्ष) की कल दोपहर निधन की खबर मिलते ही नगर के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। स्वर्गीय गोयल एक मृदुभाषी व्यक्ति के साथ समाजसेवा के लिए प्रसिद्ध थे। उनके दो बेटे पीयूष गोयल व आकाशदीप गोयल हैं। उनकी शवयात्रा में काफी संख्या में लोग शामिल हुए। दोपहर बाद कनखल हरिद्वार में उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके निधन पर अरुण अग्रवाल, गौरव पाराशर, राजेश वर्मा, प्रीतम वर्मा, सतीश मेहरा, मुकुल सर्राफ, सुंदर गोयल, कमल जैन, पत्रकार पी के चौहान, मुकेश गोयल, नरेश कालरा प्रदीप अग्रवाल आदि ने शोक व्यक्त किया।

# भाजपा प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी ने की जनसुनवाई, बाढ़ प्रभावितों का हाल जाना

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी शनिवार को नजीबाबाद पहुंचीं। लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर करीब एक घंटे तक जनसुनवाई की। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों व कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। इसके बाद उन्होंने पत्रकार वार्ता कर केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाएं बताई। नजीबाबाद पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीपमाला संतोषी का स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भाजपा नता अवनीश अग्रवाल टांडे वाले का विशेष योगदान रहा। इसके बाद दीपमाला संतोषी ने बड़िया स्थित बीकानेर फार्म पहुंचकर वहां उन्होंने मालन नदी की बाढ़ से प्रभावित पंजाबी सिख परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने प्रभावित परिवारों के नुकसान का


बडिया क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों के बारे में जानकारी लेती भाजपा नेत्री।

निरीक्षण करते हुए बाढ़ से हुई क्षति व उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर जयपाल, विवेक नायक, संजीव कश्यप, अजेंद्र, रामपाल, कमल सैनी, रवि रत्न, अनिल कुमार, राजीव घाघट सहित महिला कार्यकर्ताओं में मोनिका यादव, रणवीर सिंह निराला, गायत्री निराला, मीना नोटियाल, दीपिका गौड़, मनीषा सैनी, दीक्षा घाघट, गीता राज तथा अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेजर ध्यानचंद जयन्ती पर मनाया गया राष्ट्रीय खेल दिवस

नजीबाबाद (चिंगारी)। विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज कोटद्वार मार्ग में महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं पुष्पार्चन कर किया।




प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह, आचार्य-आचार्याओं एवं भैया-बहिनों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र के सम्मुख पुष्पार्चन कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर आचार्य अनन्त कुमार ने भैया-बहिनों को मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं उनकी खेल उपलब्धियों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि मेजर ध्यानचंद की जयन्ती को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के अन्तर्गत खेल आचार्य अनन्त कुमार के निर्देशन में भैया-बहिनों ने मैदान में विभिन्न खेल एवं खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इनमें रस्साकसी, ऊँची कूद, लम्बी कूद, बैडमिन्टन आदि खेल प्रमुख रहे। भैया-बहिनों ने विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेकर खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर आचार्य पंकज शर्मा, आत्मस्वरूप शर्मा, संजय शर्मा, नीरज कुमार, गौरव कुमार, सोनू कुमार, घनश्याम सिंह, सुभाष कुमार, संजीव कुमार, आचार्या रजनी टाँक, फूलमाला वर्मा, पूनम, मनु, साक्षी, मिताली, मीनू, पलक एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जाबिर को जिलाध्यक्ष व नीरज कुमार कश्यप को जिला महासचिव बनाया गया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता की एक जनसभा ग्राम समीपुर में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक यादव एवं संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चैहान ने किया। जनसभा में भारी संख्या में संगठन के सदस्यों पदाधिकारी व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। जनसभा में समीपुर निवासी जाबिर को बिजनौर का नया जिलाध्यक्ष व नीरज कुमार कश्यप को जिला महासचिव बिजनौर बनाया गया। मुख्य वक्ता के तौर पर बोलते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नौशाद चैहान ने कहा कि जब चीनी का रेट ?70 किलो हो सकता है तो किसानों के गन्ने का रेट ?600 कुंतल होना चाहिए। व्यापार समझौते से कृषि क्षेत्र को अलग रखा जाये, छात्रों के लिए नौकरियों व प्रतियोगिताओं में पारदर्शीता रखी जाये।



जनसभा में मुरादाबाद मण्डल प्रभारी मौ. फुरकान खान, अतीक अहमद, उस्मान अंसारी, नफीस अहमद, वसीम, डॉक्टर मुसिफुल हक, शहजाद अंसारी, महताब मलिक, अफसर कुरैशी, आफताब, समीर, इकराम अंसारी, ताहिर मकरानी, असलम, एहसान मोनू, हाफिज खलील गुड्डू, शहजाद, नईमुद्दीन, डॉक्टर साकिब, मरगूब, तौसीफ, अज्जू, सरफराज राइन, परगट सिंह, सुनील, फैसल अंसारी, इस्लाम, जुल्फिकार जिल्लू, खुर्शीद प्रधान, गफ्फार प्रधान, मुस्ताक प्रधान, नीरज सिंह, सरफुद्दीन, शादाब, रेहान, मोहम्मद आसिफ, अकरम माहीगीर, हसन अली, सोनी कुमार, अजमल, सलमान आदि मौजूद रहे।



# मौ. अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में खेल गतिविधि का आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौ. अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस 2026 के अवसर पर खेल एवं फिटनेस गतिविधि का आयोजन किया गया। कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती ज्योति शर्मा के निर्देशानुसार भारत खेलेगा भारत, जीतेगा भारत थीम अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत विभिन्न खेल एवं फिटनेस गतिविधि का आयोजन उत्साह पूर्वक किया गया। जूनियर वर्ग के रेस में कक्षा 8 की इफरा नाज़ ने प्रथम स्थान तथा सदफ़ ने द्वितीय स्थान व कक्षा 6 की अलशिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन में आयज़ा प्रथम तथा अलीशा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग कैरम में कक्षा 11 की नूरैन ने प्रथम स्थान, मनाज़िला द्वितीय स्थान व कक्षा 10 की अलशिफा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका रूबी, बुशरा, रुकैया ने पूर्ण योगदान दिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथों पर सुना मन की बात का 137 वां एपिसोड

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137 वें एपिसोड को अपने-अपने बूथों पर उत्साहपूर्वक सुना। गजरौला पाईमार मंडल के अंतर्गत सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने एकत्र होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा देशहित, समाज सेवा, जनभागीदारी, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत व राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर दिए गए संदेशों को कार्यकर्ताओं ने प्रेरणादायक बताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, सामाजिक सरोकारों व राष्ट्र निर्माण के कार्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण माध्यम है। गजरौला पाईमार मंडल के सभी बूथों पर कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज व राष्ट्रहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री बलराज त्यागी, भाजपा पिछड़ा मोर्चा सोशल मीडिया के जिला प्रमुख रितेश सैन, पिंकुर रघुवंशी, करणवीर सिंह, अंकित, सचिन, मनदीप, अजय सक्सेना, वरुण आत्रेय, रोशन सिंह, शिवम चौहान, अनुज वशिष्ठ, कपिल चौधरी, अनुज चौहान, दयाराम सैन ने अपने बूथों पर कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुना

# सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने लगाया एनीमिया जांच शिविर, 87 महिलाओं की जांच की




नजीबाबाद (चिंगारी। महिलाओं में बढ़ती एनीमिया यानी खून की कमी की समस्या को लेकर सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा शनिवार को पूजा हॉस्पिटल में निःशुल्क एनीमिया जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य महिलाओं को एनीमिया के प्रति जागरूक करना तथा समय रहते इसकी पहचान व उपचार सुनिश्चित करना रहा। शिविर में कुल 87 महिलाओं के रक्त परीक्षण किए गए। जांच के दौरान एक चिंताजनक तथ्य सामने आया कि लगभग 40 प्रतिशत महिलाओं में एनीमिया पाया गया, जबकि इनमें से कई महिलाओं में एनीमिया के कोई स्पष्ट लक्षण भी नहीं थे। इस अवसर पर सखी वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक एवं पूजा हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं में एनीमिया एक गंभीर समस्या है। लेकिन अक्सर यह नजर अंदाज की जाने वाली समस्या है। कई बार हीमोग्लोबिन कम होने के बावजूद महिलाओं को इसका पता नहीं चलता और वह सामान्य दिनचर्या में इसे थकान या कमजोरी मानकर नजर अंदाज करती रहती हैं। उन्होंने कहा कि शिविर में लगभग हर ढाई महिलाओं में से एक महिला एनीमिक पाई गई। खास चिंता की बात यह है कि कई महिलाओं में कोई स्पष्ट लक्षण नहीं थे। इसलिए केवल लक्षणों के आधार पर नहीं, बल्कि समय-समय पर हीमोग्लोबिन की जांच कराना बेहद जरूरी है। डॉ. राखी आनंद अग्रवाल ने बताया कि शिविर में जांच के बाद जिन महिलाओं में एनीमिया पाया गया है, उन्हें निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श, आवश्यक दवाइयां व फॉलो-अप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि केवल जांच तक ही अभियान सीमित न रहे बल्कि महिलाओं को पूर्ण उपचार व स्वास्थ्य सुधार की दिशा में आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने महिलाओं से अपील की है संतुलित एवं आयरन युक्त आहार लें, पर्याप्त पानी पिएं व कमजोरी, अत्यधिक थकान, चक्कर या सांस फूलने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें। साथ ही बिना चिकित्सकीय सलाह के आयरन की दवा लेने के बजाय उचित जांच व डॉक्टर की सलाह लेना आवश्यक है। सखी वेलफेयर फाउंडेशन ने इस पहल के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता बढ़ाने व एनीमिया की समय रहते पहचान एवं उपचार को प्रोत्साहित करने का संकल्प दोहराया।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर 'खेलेगा भारत, जीतेगा भारत' थीम पर हुईं प्रतियोगिताएं

**धामपुर ( चिंगारी )।** जेके मॉडर्न लॉ कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य थीम खेलेगा भारत, जीतेगा भारत रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के चेयरमैन जितेंद्र कुमार, चेयरपर्सन श्रीमती कनक चौहान एवं प्राचार्य प्रदीप राठौर द्वारा सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रतियोगिताओं के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए टेबल टेनिस, शतरंज एवं कैरम जैसे विभिन्न इनडोर खेलों के साथ-साथ बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर चेयरमैन जितेंद्र कुमार ने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैं, बल्कि वे विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, धैर्य और टीम भावना का विकास होता है।

चेयरपर्सन कनक चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलों का भी विशेष महत्व है। खेल हमें जीत में विनम्र रहना और हार से सीख लेकर आगे बढ़ना सिखाते हैं। प्राचार्य प्रदीप राठौर ने कहा राष्ट्रीय खेल दिवस हमें मेजर ध्यानचंद जी के महान योगदान और खेल के प्रति उनके समर्पण की याद दिलाता है। प्रतियोगिताओं में आंचल, अक्षरा परवीन, इल्मा परवीन, मोहम्मद फरमान, परवेज अहमद, सुमेरा आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संचालन आदित्य कुमार द्वारा किया गया।


राष्ट्रीय खेल दिवस पर जेके मॉडर्न लॉ कॉलेज में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन।

## बालिका विद्या मंदिर में मनाया गया खेल दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में कल राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती आभावती ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित किये। उन्होंने मेजर ध्यानचन्द्र के जीवन के बारे में बताते हुए कहा कि उन्होंने न केवल उत्तर प्रदेश अपितु सम्पूर्ण भारत को अपने हॉकी के जादू से गौरवान्वित किया। उन्होंने छात्राओं को बताया कि खेल के माध्यम से वह स्वस्थ भी रह सकती हैं और खेलों के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत को विश्व पटल पर गौरवान्वित भी कर सकती है। विद्यालय की आचार्या बहनों रेनू, सरिता, अनीता, मीनाक्षी, अलका, अर्चना, मेघना, प्रियंका, दीपिका, विनीता, मधु, काजल आदि ने मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर पुष्पार्पण किये।

## 228 वें नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 65 मरीजों को दिया गया परामर्श

**धामपुर ( चिंगारी )।** सुसंसकारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 228वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर संस्थान के प्रधान कार्यालय दमयंती देवी नर्सिंग होम मे आयोजित किया गया। शिविर में 65मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गईं। शनिवार की शाम को शिविर का शुभारंभ समाजसेवी अजय चौधरी ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉ. आदित्य अग्रवाल सर्जन ने 65 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाममात्र राशि में कराई गई हैं।

### कपड़े के बने थैले भी दिये गये

शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने मे गौरव सिंह, शाहिल, अखिलेश, पंकज, गौरव, हिमांशु, कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान रहा।

## सरकड़ा चकराजमल से लापता महिला लाम्बाखेड़ा में मिली

**धामपुर ( चिंगारी )।** रक्षाबंधन के दिन गांव सरकड़ा चकराजमल निवासी सपना पत्नी विजयपाल सिंह घर से बाहर गांव में ही जाने के दौरान रहस्यमय ढंग से लापता हो गई थी। जब वह शाम को भी घर लौट कर नहीं आई तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। कुछ लोगों ने फोटो देखकर बताया कि एक महिला स्योहारा क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा में देखी गई है, जिस पर परिजन गांव लांबाखेड़ा पहुंचे तो सपना वहीं पर मिल गई। इसके बाद परिजन कल शाम उनको वापस घर पर ले आए। परिजनों का कहना है कि सपना जबान से गूंगी है। इसलिए वह किसी को अपने गांव के बारे में नहीं बता पाई।



## शादी का झांसा देकर किया दुराचार पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**धामपुर ( चिंगारी )।** शादी का झांसा देकर युवती के साथ गलत काम करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, 24 अगस्त को पीड़िता की ओर से धामपुर थाने में तहरीर दी गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रिहान पुत्र बाबू निवासी ग्राम महमूदपुर, थाना कोतवाली देहात, को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम करने तथा विरोध करने पर धमकी देने का आरोप है।



## बाग काटकर बना रहे कॉलोनी लोग बोले - जांच चाहिए होनी

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला कोटला में आम के बाग को काटकर कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने कुछ प्रॉपर्टी डीलरों पर लकी ड्रॉ की स्कीम के माध्यम से लोगों को प्लॉट उपलब्ध कराने का प्रचार करने का आरोप लगाते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई की मांग की है।

आम के पेड़ों को काटकर भूमि को प्लॉटिंग के लिए तैयार किया जा रहा है। आरोप है कि कॉलोनी विकसित करने से पहले भूमि उपयोग परिवर्तन, नक्शा स्वीकृति और अन्य आवश्यक अनुमतियां ली गई हैं या नहीं, इसकी जांच होनी चाहिए। लोगों ने संबंधित विभागों से मौके पर पहुंचकर भूमि और कॉलोनी से जुड़े अभिलेखों की जांच कराने की मांग की है। बताया गया है कि इससे पहले भी लकी ड्रॉ स्कीम के तहत प्लॉट खरीदने और बेचने वालों के बीच विवाद हो चुका है। इसके बावजूद कथित तौर पर दोबारा इसी तरह की योजना के माध्यम से लोगों को प्लॉट खरीदने के लिए आकर्षित किए जाने की शिकायत सामने आई है। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले में संबंधित विभागीय अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि जांच के दौरान यदि भूमि उपयोग, पड़ा की कटाई, नक्शा स्वीकृति या प्लॉट बिक्री में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। लोगों ने जिलाधिकारी समेत संबंधित विभागीय अधिकारियों से भूमि उपयोग, आम के पेड़ों की कटाई, कॉलोनी का नक्शा तथा लकी ड्रॉ के माध्यम से प्लॉट बिक्री से जुड़े दस्तावेजों की जांच कराने की मांग की है।

## तालाब किनारे गुलदार के शावक नज़र आये, ग्रामवासी घबराये

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम पंचायत जैतरा में नूरपुर मार्ग पर स्थित आशीर्वाद कालोनी में रेलवे लाइन के निकट तालाब किनारे रिहायशी इलाके में गुलदारों के दो शावकों के दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों को अवगत करा देने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी अभी तक मौके पर नहीं पहुंचे हैं। आर्शीवाद कॉलोनी निवासी कार्तिक चौहान व बृजमोहन राजपूत ने बताया कि 25 अगस्त की शाम को जब वह अपने घर के पास घूम रहे थे तभी उन्हें रेलवे लाइन के तालाब के निकट खाली पड़े मैदान में उगे पेड़-पौधों में गुलदार के शावक नजर आए। उनके पड़ोसी अभिनव चौहान ने बताया कि एक शावक उनके मकान के सामने खाली पड़े प्लॉट में भी घूम रहा था। कार्तिक और बृजमोहन ने शावकों के फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने के साथ ही वन विभाग के अधिकारियों को भी इस बारे में अवगत करा दिया था। आशीर्वाद कॉलोनी निवासी त्रिलोकी सिंह ने बताया कि उनके मकान के पास खाली प्लॉट है, जिसमें पेड़ पौधे उगे हुए हैं इसी के बराबर में रेलवे लाइन का तालाब भी है। यहीं शावक घूम रहे थे। उनका कहना है कि गुलदारों के शावकों के आबादी में आ जाने से कॉलोनीवासियो में भय का माहौल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जब शावक यहां घूम रहे हैं तो इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि गुलदार भी अभी इसी क्षेत्र के खेतों में होगा परंतु वन विभाग के अधिकारी जानकारी देने के बाद भी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।


कार्तिक चौहान गुलदार के शावकों के बारे में जानकारी देते हुए।

# जब मंदिर के बिजली के बिल का मामला डीएम के दरबार में पहुंचा

-नितिन दिनेश कौशिक

**अपने शहर में..**

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** आज 1200 रुपए का बिजली बिल भले ही बड़ी रकम न लगे लेकिन वर्ष 1965 में नगर के प्राचीन बड़ा शिव मंदिर के लिए यह बड़ी चिंता बन गया था। मोहल्ला किला निवासी सुशील रस्तौगी बताते हैं कि मंदिर में रोशनी के लिए फूल सिंह रुहेला के नाम से बिजली कनेक्शन कराया गया था। बिल बढ़कर करीब 1200 रुपए पहुंच गया तो मंदिर से जुड़े लोग तत्कालीन जिलाधिकारी के पास पहुंचे। डीएम ने मामले में हस्तक्षेप कर बिल माफ करा दिया।

श्री रस्तौगी ने बताया कि करीब वर्ष 1880 में सोना देवी ने प्राचीन श्री शिव मंदिर की भूमि दान की थी। जिस पर पहले से ही मंदिर बना हुआ था। इसके बाद नगर के गणमान्य लोग मंदिर की व्यवस्था देखने लगे। वर्ष 1965 में मास्टर प्यारेलाल रुहेला, फूल सिंह रुहेला, लाल कल्लूमल और सुखदेव वर्मा मंदिर की व्यवस्था संभाल रहे थे। सुशील रस्तोगी बताते हैं कि मंदिर का पुराना गुंबद आज भी एक ओर झुका हुआ है। जबकि परिसर में माता की प्राचीन मूर्ति श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। समय के साथ यहां नवनिर्मित मंदिर भी बनाया गया। उस वक्त मंदिर परिसर के कुछ कमरों का निर्माण मुरारी लाल बलदेव सहाय ने करीब चार हजार रुपये की लागत से कराया था, जबकि एक कमरा महेंद्र अग्रवाल ने अपने बाबा बाबूराम (बर्तन वाले) की स्मृति में बनवाया। उन्होंने बताया कि मंदिर की व्यवस्था के लिए वर्ष 1976 में कमेटी गठित हुई थी जिसमें विजय शंकर माहेश्वरी अध्यक्ष, इंद्रप्रकाश अग्रवाल मंत्री और सुशील रस्तौगी उपमंत्री बनाए गए। आज मंदिर का स्वरूप बदल चुका है लेकिन इसकी प्राचीनता, आस्था और पुरानी यादें आज भी नगर की विरासत बनी हुई हैं।



नवनिर्मित मंदिर। ढाई सौ वर्ष पुराना झुका हुआ गुंबद।



माता की प्राचीन मूर्ति।

## दो सौ वर्ष से अधिक पुरानी आस्था की निशानी

सुशील रस्तौगी बताते हैं कि प्राचीन बड़ा शिव मंदिर करीब 200 वर्ष से अधिक पुराना है। मंदिर का गुंबद आज भी एक ओर कुछ डिग्री झुका हुआ है जो इसकी पुरातनता की अलग पहचान है। मंदिर परिसर में स्थापित मां की मूर्ति कितनी पुरानी है इसका निश्चित रूप से कहना मुश्किल है। लेकिन श्रद्धालुओं के लिए यह आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। समय के साथ मंदिर परिसर में नवनिर्मित मंदिर का निर्माण भी हो चुका है जबकि पुराने मंदिर की ऐतिहासिक पहचान को कायम रखते हुए उसका रखरखाव भी किया जा रहा है।

**आज मंदिर का स्वरूप भले ही समय के साथ बदल गया हो लेकिन बुजुर्गों के जेहन में उससे जुड़ी पुरानी यादें आज भी जीवंत हैं। कभी 1200 रुपये के बिजली बिल को लेकर जिलाधिकारी तक पहुंचने की घटना हो या मंदिर के लिए भूमि दान करने वाली सोना देवी की कहानी, ये प्रसंग मंदिर को केवल एक धार्मिक स्थल नहीं बल्कि नगर की आस्था, सहयोग और सामाजिक एकजुटता से जुड़ी विरासत के रूप में सामने लाते हैं।**

# खेल दिवस पर शतरंज प्रतियोगिता में नित्या गौड़ बनीं विजेता



## युग गौड़ उपविजेता, अथर्व वत्स ने हासिल किया तीसरा स्थान

**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम बिजनौर के चेस क्लब में शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ियों ने चार राउंड में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर अपनी रणनीतिक क्षमता और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बाद यूनिवर्सल एकेडमी की नित्या गौड़ ने प्रथम स्थान हासिल किया। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल के युग गौड़ उपविजेता रहे, जबकि इसी स्कूल के अथर्व वत्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेंट मैरी स्कूल की अतिक्षा गुप्ता चतुर्थ और आर्यका सिंह पंचम स्थान पर रहीं। चीफ आर्बिटर नूतन भारद्वाज और डिप्टी चीफ आर्बिटर सर्वज्ञ के निर्देशन में प्रतियोगिता संपन्न हुई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार अवनीश गौड़ और विशिष्ट अतिथि राजकुमारी यादव ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। सबसे कम उम्र के प्रतिभागी स्वास्तिक को भी मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार व कनिष्ठ सहायक हिमांशु ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया। वक्ताओं ने कहा कि शतरंज बच्चों में एकाग्रता, धैर्य, तार्किक क्षमता और निर्णय लेने की शक्ति विकसित करता है।



# रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

## पति व दो बच्चे घायल

**नजीबाबाद (चिंगारी)। मेरठ-पौड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे बड़ा हादसा हो गया। गांव नन्हेड़ा के पास एक बाइक आगे चल रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में रक्षाबंधन मनाकर घर लौट रही महिला की मौत हो गई, जबकि पति और दो बच्चे घायल हो गए।**

मृतका की पहचान रचना (30वर्ष) के रूप में हुई है। वह अपने पति मुकेश और दो बच्चों के साथ बाइक से अपने मायके गांव भनेड़ा के पास शेरपुर से अपने गांव महावतपुर बिल्लौच लौट रही थी। बताया जा रहा है कि नन्हेड़ा के पास अचानक ब्रेक लगने से बाइक बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रचना की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर आगे बैठी सात वर्षीय बेटी आराध्या गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। मुकेश और दूसरा बच्चा भी घायल है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा है। त्योहार की खुशी मातम में बदल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



# नजीबाबाद में ऐतिहासिक महानाट्य 'जाणता राजा' के जीवन पर गोष्ठी का आयोजन

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के सेवा प्रकल्पों को समर्पित, छत्रपति महाराज के जीवन पर आधारित विश्व के सबसे बड़े महानाट्य जाणता राजा को लेकर होटल कान्हा पैलेस में गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में दिव्य प्रेम सेवा मिशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम भैया ने अपने विचार रखते हुए काफी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम आयोजक कान्हा आकाश कर्णवाल ने बताया कि भव्य आयोजन की रूपरेखा पर चर्चा हुई तथा सभी संगठनों व नागरिकों से आने का आग्रह किया। उन्होंने डॉ. आशीष गौतम को पुष्प-गुच्छ व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रणबीर सिंह ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर एवं चिंगारी सम्पादक सूर्यमणि रघुवंशी ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में भाजपा नेता राजीव अग्रवाल, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, श्रीमती लीना सिंघल, सुनील चंदोला, कुलबीर चौधरी, अतुल सहेला, मलखान सिंह, निखिल शर्मा, योगेश राजपूत, राजन टंडन गोल्डी, कपिल अग्रवाल सर्राफ, डॉ. दिनेश वर्मा, प्रदीप डेजी आदि मौजूद रहे।

# टीएससीटी ने सदर विधायक को दिया धन्यवाद ज्ञापन

**शिक्षकों, शिक्षामित्रों और रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा पर जताया आभार**

बिजनौर (चिंगारी)। टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) के प्रतिनिधि मंडल ने सदर विधायक सूची चौधरी व उनके पति वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी को ज्ञापन देकर प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षकों के लिए की गई घोषणाओं की सराहना की। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों, शिक्षामित्र, अनुदेशकों, रसोइयों एवं उनके परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है। साथ ही भारतीय स्टेट बैंक के माध्यम से दिए गए इंश्योरेंस और अन्य सुविधाओं को भी बहुत उपयोगी बताया। इससे शिक्षकों एवं उनके परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया कि शिक्षकों को वर्ष में केवल 14 आकस्मिक अवकाश मिलते हैं। हिंदू परिवारों में होने वाले 16 संस्कारों का बड़ा महत्व है। इनमें मृत्यु के बाद होने वाले संस्कार भी शामिल हैं। लेकिन यदि किसी शिक्षक के परिवार में कोई मृत्यु हो जाए तो अवकाश का कोई प्रावधान नहीं है। इसके लिए 15 दिन का विशेष अवकाश दिया जाना चाहिए। ज्ञापन देने वालों में जिला संयोजक नवाब आलम, जिला प्रवक्ता नीरज कुमार वर्मा और जिला मीडिया प्रभारी गिरिराज सिंह शामिल रहे।



# विवेक विश्वविद्यालय में बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन




**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों एवं विभागों की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया और रोमांचक मुकाबलों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन. के. गुप्ता ने महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद के जीवन एवं उनके अद्वितीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस केवल महान खिलाड़ियों को स्मरण करने का अवसर ही नहीं है, बल्कि युवाओं को खेलों के माध्यम से अनुशासन, समर्पण, टीम भावना और उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने का भी महत्वपूर्ण अवसर है। खेल समिति, विवेक विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. संजय त्यागी ने खेलों के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. मुकुल कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अमित गोयल ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। कार्यक्रम के आयोजन में डॉ. राजीव चौधरी, डॉ. मनोज गहलोत, डॉ. हर्ष कुमार, डॉ. अनुपम सहित अन्य शिक्षकों एवं अधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# मास्टर बनाम युवा हॉकी मैच हुआ



**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर चांदपुर हॉकी क्लब, चांदपुर द्वारा हिन्दू इन्टर कालेज के मैदान में मास्टर बनाम युवा पुरुष हॉकी मैच का आयोजन किया गया। चांदपुर हॉकी क्लब के कोच कमलेश यादव एवं सदस्यों ने मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए उनके हॉकी के प्रति समर्पण और देश को गौरान्वित करने वाले योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। रोमांचक मैच में मास्टर टीम की ओर से रऊफ अहमद और नफीस अहमद तथा युवा टीम की ओर से तलहा, हर्षित एवम कुनाल ने गोल दागे और अंत में मास्टर टीम 4-3 बिजय रही। प्रतियोगिता आयोजन में गजेंद्र कुमार, अफजल फारूकी, मेहर आलम, रऊफ अहमद, नदीम जकी, विकास गोयल, आशी, इमरान, कौशिक चन्द्र, नौशाद, प्रिंस, ललित और तरुण ने योगदान किया।

# नेहरू स्टेडियम में हुई बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह।

**बिजनौर (चिंगारी)।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती एवं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेलकूद निदेशालय, लखनऊ के तत्वावधान में शनिवार को नेहरू स्टेडियम में 14 वर्षीय बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में आरजेपी इंटर कॉलेज ने जीआईसी बिजनौर को 2-1 से पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने पूरे मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों को रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। प्रतियोगिता के समापन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार, कनिष्ठ सहायक हिमांशु, हॉकी कोच चित्रा चौहान सहित खालिद असरार, विकल महर्षि, रजत शर्मा, विकास कुमार अग्रवाल, ओम प्रकाश कौशल, राजेश कुमार, कपिल सैनी आदि हॉकी खिलाड़ी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# आरबीडी कालेज में हुई रस्साकशी प्रतियोगिता





**बिजनौर (चिंगारी)।** आर.बी.डी. महिला महाविद्यालय, बिजनौर के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय खेलेगा भारत, जीतेगा भारत तथा संदेश एक घंटा खेल मैदान पर रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, अनुशासन, टीम भावना तथा नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति जागरूकता एवं उत्साह उत्पन्न करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, प्रबंधन समिति के विशेष आमंत्रित सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं समिति के सदस्यों का बैज एवं कैप पहनाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात प्रो. मंजु ने मेजर ध्यानचंद के जीवन, खेल उपलब्धियों एवं भारतीय खेल जगत में उनके योगदान के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर छात्राओं के लिए टग ऑफ वार (रस्साकशी) प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का संचालन एवं मैच आयोजन डॉ. सीमा चौधरी एवं कुमारी कल्पना द्वारा किया गया। धर्मवीरा एवं सत्यवीरा ब्लॉक की कुल तीन टीमों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। छात्राओं ने पूरे जोश के साथ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए उत्कृष्ट टीम भावना, अनुशासन एवं खेल भावना का प्रदर्शन किया। प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी ने छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाले हुए कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रो. मंजु तथा डॉ. सीमा चौधरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र हर्ष जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने-सुनने में नहीं है। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। - **धर्मवीर सिंह पुत्र विनोद कुमार, मौहल्ला आचारजान, बिजनौर।**

# गोलमाल : विद्यालय के मलवे की नीलामी प्रधानपति ने अपने नाम करवा ली



विद्यालय की स्थिति का जायजा लेते हुए गांव के युवक।

**पैजनिया (चिंगारी)।** विकास खंड खारी-झालू के गांव शरीफपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में गांव के कुछ युवकों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर विद्यालय की दयनीय स्थिति का जायजा लेते हुए प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान पति पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। इस दौरान युवकों ने विद्यालय परिसर की वीडियो भी बनाई। गांव के रोहताश सिंह, सचिन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, मुकुल कुमार, लवकुश कुमार, विजयपाल सिंह, तेजपाल सिंह ने आरोप लगाया कि गांव के उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन का कुछ हिस्सा जर्जर हो गया था। जिसको बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बाकायदा टेंडर जारी कर नीलाम करने के लिए न्यूनतम धनराशि एक लाख बहत्तर हजार रूपए से अधिक नियत की थी। बावजूद इसके विद्यालय के प्रधानाध्यापक व ग्राम प्रधान पति ने हमसाज होकर गुपचुप तरीके से मात्र अस्सी हजार में नीलामी प्रधान पति के पक्ष में दर्शाकर मलवा प्रधान पति को उठवा दिया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्यालय में सांप और बिच्छू पल रहे हैं, शौचालयों में गंदगी के अंबार लगे हुए हैं। विद्यालय का खेल मैदान जंगल बना हुआ है। आरोप है कि मिड डे मील बनाने के लिए रसोई नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानाध्यापक ने विद्यालय में मौजूद 12 साइकिलें व अन्य उपकरण कबाड़ में बेच दिए। ग्रामीणों ने बताया कि वे जल्द ही विद्यालय में मौजूद सभी खामियों की बनाई गई वीडियो को उच्च अधिकारियों को सोंपकर जांच की मांग करेंगे।

## क्या कहते हैं जिम्मेदार?

विद्यालय के प्रधानाध्यापक सतीश शर्मा ने बताया कि विद्यालय के जर्जर भवन के मलवे की नीलामी सार्वजनिक तौर पर की गई थी, परंतु किसी भी बोलीदाता ने 55 हजार रुपए से अधिक की बोली नहीं लगाई थी, जिस कारण 80 हजार रुपए की बोली ग्राम प्रधान पति द्वारा लगाने पर मलवा उन्हें उठवाया गया है। उन्होंने बताया कि साइकिल व अन्य उपकरण के कबाड़ को बेचकर प्राप्त धनराशि विद्यालय के विकास कार्य में लगाई गई है। उधर ग्राम प्रधान पति प्रदीप सैनी ने बताया कि काफी इंतजार करने के बाद 55 हजार से अधिक बोली नहीं लगाई गई, जिस कारण उन्होंने 80 हजार रूपए की बोली लगाकर मलवा अपने कब्जे में ले लिया है और बोली की रकम संबंधित विभाग के खाते में जमा कराई है।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# यातायात पुलिस ने चलाया चैकिंग अभियान नियम तोड़ने वाले 219 वाहनों का चालान

## मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, बिना हेलमेट और तीन सवारी को लेकर कसा शिकंजा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** पुलिस अधीक्षक बिजनौर के कुशल निर्देशन में यातायात पुलिस जनपद बिजनौर ने शनिवार को यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ व्यापक और सघन चेकिंग अभियान चलाया। शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील मार्गों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की गहनता से जांच की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने काली फिल्म, ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न, हूटर, बुलेट के मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट और तीन सवारी करने वाले वाहन चालकों को विशेष रूप से निशाना बनाया। पुलिस के अनुसार, काली फिल्म के 03 चालान किए गए, जबकि सड़कों पर पटाखे जैसी आवाज करने वाले और तेज ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले 28 मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। इनमें 08 बुलेट मोटरसाइकिलों के साइलेंसर मौके पर उतरवाकर यातायात कार्यालय में जमा कराए गए। इसके अलावा तीन सवारी के 44 चालान, बिना हेलमेट के 129 चालान तथा आमजन और राहगीरों को परेशान करने वाले तेज ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न व हूटर लगे 09 वाहनों के खिलाफ सख्त चालान किए गए। चेकिंग के दौरान आवश्यक दस्तावेज नहीं होने और यातायात नियमों के गंभीर उल्लंघन पर 06 वाहनों को मौके पर ही सीज किया गया।

### अवैध मॉडिफिकेशन से बचने की अपील

**यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की कि वे यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें। वाहनों में प्रेशर हॉर्न, मॉडिफाइड साइलेंसर सहित किसी भी प्रकार का अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी प्रकार सख्त वैधानिक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।**

# नौ सड़कों के लिए 10 करोड़ रुपये मंजूर

## ओम कुमार के प्रयासों से जर्जर सड़कों का होगा कायाकल्प



**नहटौर ( चिंगारी )।** विधायक ओम कुमार के प्रयासों से शासन द्वारा जर्जर हालत में मौजूद नौ बड़ी सड़कों के कायाकल्प हेतु 10 करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत कर दी गई है। इसके अलावा विधायक ओम कुमार द्वारा करीब 50 से अधिक सड़कों की मरम्मत व निर्माण का प्रस्ताव जिला पंचायत को पूर्व में भेज दिया गया है। विधायक ओम कुमार के प्रस्ताव पर शासन द्वारा ग्राम अतापुर खतापुर से शेरपुर कल्याण मार्ग, महमूदपुर जगमाल से शिव मंदिर तिराहे वाले सड़क का निर्माण, कोकापुर से बिलासपुर झालू मार्ग तक, ग्राम पाड़ली मांडू से नहटौर अलीनगर पालनी मार्ग, छजूपुरा से नसीरपुर नैन, ग्राम फतेहपुर अशल से थंबुवाला, उमरी शाहपुर सैदु बाईपास, ग्राम ढेला में नहर के पुल की पटरी से जलालपुर हसना सड़क निर्माण की शासन द्वारा स्वीकृति मिली है। विधायक ओम कुमार के अनुसार उक्त सड़कों के निर्माण हेतु करीब 10 करोड़ रुपए की धनराशि भी शासन द्वारा स्वीकृत कर दी गई है। जल्द ही नियमानुसार सड़कों के निर्माण पर कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि विगत माह जिला पंचायत में भी करीब 51 सड़कों का प्रस्ताव भेजा गया है। जिसमें धींगरपुर बिजली घर से लेकर पाडला तक की सड़क, बरुकी, हल्दौर क्षेत्र की सड़कें शामिल हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास का जो संकल्प है वह उसी पर कार्य कर रहे हैं।

# शिक्षकों के व्यक्तित्व विकास व शिक्षण कौशल पर हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बिजनौर( चिंगारी )।** सेंट मैरी स्कूल के ऑडिटोरियम में शनिवार को सेंट मैरी स्कूल एवं सेंट जोसेफ स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय कॉरपोरेट ट्रेनर एवं करियर कोच डैनी जोसेफ ने किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान डैनी जोसेफ ने शिक्षकों को व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संचार, सकारात्मक सोच, नेतृत्व क्षमता एवं बेहतर शिक्षण कौशल से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों एवं उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को अपने व्यक्तित्व और कार्यशैली को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक केवल विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देता, बल्कि उसके व्यक्तित्व, व्यवहार और सकारात्मक दृष्टिकोण का विद्यार्थियों के जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए शिक्षकों के लिए निरंतर सीखना, स्वयं को विकसित करना और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप अपने शिक्षण कौशल को बेहतर बनाना आवश्यक है। इस अवसर पर सेंट जोसेफ स्कूल के प्रबंधक फादर जेम्स, सेंट मैरी स्कूल के प्रबंधक फादर बाबू जॉर्ज, प्रधानाचार्या सिस्टर लिंसी सहित दोनों विद्यालयों के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।


# मोबाइल छीनकर हुए थे फरार, एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**चांदपुर ( चिंगारी )। पुलिस ने दो लोगों से मोबाइल फोन छीन कर भागने वाले एक युवक को छीने गये एक मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया।**


27अगस्त को थाने में दी गई तहरीर में मौ. जैद पुत्र मौ अली निवासी मुहल्ला रायसत्ती खेड़ा थाना रायसत्ती जिला संभल ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवक उसका मोबाइल फोन छीन कर भाग गए।29अगस्त को सुंदरपाल पुत्र बदलू सिंह निवासी ग्राम जलालपुर थाना चांदपुर ने भी मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात युवकों पर मोबाइल फोन छीन कर ले जाने के सम्बन्ध में तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घटनाओ की रिपोर्ट दर्ज कर मोबाइल फोन छीन कर भागने वालों की तलाश शुरू कर दी। शनिवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हिमांशु पुत्र आसू कुमार निवासी मुहल्ला संतनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में हिमांशु ने मुहल्ले के ही अपने साथी गौतम पुत्र कल्ला के साथ मिलकर मोबाइल फोन छीन कर भागना स्वीकार किया। पुलिस ने धटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व छीने गए एक मोबाइल फोन बरामद किया, जबकि दूसरे मोबाइल फोन के बारे में बताया कि वे मोबाइल फोन उसके साथी गौतम के पास है।

# खुशबू ने यूजीसी-नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर नजीबाबाद का नाम रोशन किया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** शैक्षणिक जगत में नजीबाबाद का नाम एक बार फिर रोशन हुआ है। साहू जैन कॉलेज की हिंदी साहित्य की पूर्व टॉपर और मेधावी छात्रा खुशबू ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित यूजीसी-नेट जून 2026 की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल करते हुए असिस्टेंट प्रोफेसर और पीएचडी प्रवेश के लिए पात्रता प्राप्त कर ली है। खुशबू ने हिंदी विषय में कुल 300 में से 164 अंक प्राप्त किए हैं और 94.81 से अधिक परसेंटाइल हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार, कॉलेज और पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास का वातावरण है। अपनी इस सफलता का श्रेय खुशबू ने अपने माता-पिता के अटूट आशीर्वाद, अथक त्याग और प्रेरणा को दिया है, जिनके प्रोत्साहन के बिना यह मुकाम हासिल करना संभव नहीं था। इसके साथ ही उन्होंने अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। खुशबू ने विशेष रूप से साहू जैन कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अरुणदेव जायसवाल, डॉ. नागेश्वर और डॉ. रीना सागर के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि उनके कुशल मार्गदर्शन, शैक्षणिक प्रेरणा और निरंतर प्रोत्साहन ने ही उन्हें इस राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता की मंजिल तक पहुंचाया है।

# मरीजों की जागरुकता के लिए अस्पताल परिसर में लगाए गए फ्लू से संबंधित पोस्टर




**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय, बिजनौर में फ्लू के संभावित बढ़ते मामलों को देखते हुए मरीजों के उपचार एवं बेहतर देखभाल के लिए फ्लू वार्ड को पूरी तरह तैयार कर दिया गया है।

महाविद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ललिता चौधरी के निर्देशन में फ्लू से संबंधित मरीजों को आवश्यक एवं समयबद्ध चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से फ्लू वार्ड में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इसके साथ ही मरीजों एवं उनके परिजनों को फ्लू के प्रति जागरुक करने के उद्देश्य से फ्लू से संबंधित जागरूकता पोस्टर पूरे अस्पताल परिसर में विभिन्न प्रमुख स्थानों पर लगाए गए हैं। इन पोस्टरों के माध्यम से फ्लू के सामान्य लक्षण, बचाव के उपाय, संक्रमण से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां तथा किन परिस्थितियों में चिकित्सक से संपर्क करना आवश्यक है, इसकी जानकारी दी जा रही है। प्रधानाचार्या डॉ. ललिता चौधरी ने कहा कि अस्पताल प्रशासन द्वारा फ्लू से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं, ताकि मरीजों को समय पर उचित उपचार एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। उन्होंने आमजन से अपील की कि फ्लू के लक्षण दिखाई देने पर घबराएं नहीं, बल्कि आवश्यक सावधानियां बरतते हुए समय पर चिकित्सकीय परामर्श लें। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय, बिजनौर द्वारा आमजन से अपील की गई है कि फ्लू से बचाव के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें, आवश्यकता पड़ने पर मास्क का उपयोग करें तथा संक्रमण के लक्षण दिखाई देने पर उचित सावधानी बरतें।



# राजेंद्र चौधरी ऐसे अकेले जीवित जाट नेता हैं, जिन्हें चौधरी चरण सिंह ने 1974 में लड़ाया था विधानसभा चुनाव

**सहारनपुर (चिंगारी)।** 79 वर्षीय प्रखर समाजवादी नेता राजेंद्र चौधरी ऐसे अकेले जीवित जाट नेता हैं, जिन्हें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने वर्ष 1974 में लोकदल के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ाया था। मौजूदा समय में राजेंद्र चौधरी समाजवादी पार्टी के विधान परिषद सदस्य और राष्ट्रीय महासचिव हैं। राजेंद्र चौधरी बताते हैं कि उन्होंने और सत्यपाल मलिक ने डॉ. राममनोहर लोहिया के समय समाजवादी युवजन सभा में काम किया था। उन्होंने डॉ. लोहिया को कई बार देखा और उनसे मुलाकात भी की थी। हालांकि उनका कहना है कि डॉ. लोहिया उस समय इतने बड़े कद के नेता और युवाओं के प्रेरणास्रोत थे कि उनके आसपास रहने के बावजूद वह उन्हें व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छी तरह नहीं जानते-पहचानते थे। उस समय राजेंद्र चौधरी कक्षा 12 के छात्र थे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद निवासी राजेंद्र चौधरी लंबे समय तक चौधरी चरण सिंह के भरोसेमंद लोगों में रहे। चौधरी चरण सिंह ने उन्हें वर्ष 1974 में लोकदल के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ाया था। इसके बाद 1977 में उन्होंने गाजियाबाद से जनता पार्टी के टिकट पर फिर



चुनाव लड़ाया, जिसमें राजेंद्र चौधरी विधायक निर्वाचित हुए। बाद में चौधरी अजीत सिंह के दौर में वह मुलायम सिंह यादव के साथ आ गए और तब से समाजवादी पार्टी में बने हुए हैं। वह अखिलेश यादव सरकार में खाद्य एवं रसद तथा कारागार विभाग के कैबिनेट मंत्री भी रह चुके हैं। राजेंद्र चौधरी के मीडिया से भी बेहद दोस्ताना संबंध रहे हैं। डॉ. राममनोहर लोहिया के व्यक्तित्व और विचारों से वह इतने प्रभावित रहे कि उन्होंने विवाह नहीं किया और सादगीपूर्ण जीवन जीते रहे। वह सत्ता की चमक-दमक से भी दूर रहे हैं। राजेंद्र चौधरी ने शनिवार को यूनीवार्ता को बताया कि वर्ष 1974 में लोकदल के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ने वाले जाट उम्मीदवारों में अब वह अकेले जीवित व्यक्ति हैं। उनका यह राजनीतिक सफर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की समाजवादी राजनीति के एक महत्वपूर्ण दौर का साक्षी रहा है। हाल ही में राजेंद्र चौधरी को अचानक हृदय संबंधी गंभीर समस्या हुई थी और उन्हें कई दिनों तक आईसीयू में भर्ती रहना पड़ा था। अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनकी दिनचर्या सामान्य है। वह पार्टी के कामकाज को भी सक्रिय रूप से देख रहे हैं।

## नकदी व सोने का हार, चोर ने किया पार

**चांदपुर (चिंगारी)।** नगर के जामा मस्जिद इलाके में लगने वाले शनिवार के बाजार में सक्रिय चोरों ने खरीदारी करने के लिए आई एक महिला का पर्स काटकर नकदी व सोने का हार साफ कर दिया।

ग्राम सिराथू नंगला निवासी नाजरीन अपनी बहन फिजा के साथ खरीदारी करने के लिए शनिवार के बाजार में आई थी।भीड़ का फायदा उठाते हुए किसी ने नाजरीन का पर्स काटकर उसमें रखी नकदी व सोने का हार साफ कर दिया।पर्स से नकदी व सोने का हार गायब देख, उसके होश उड़ गए। मालूम हो कि शनिवार के बाजार में इससे पूर्व भी खरीदारी करने आने वाली महिलाओं के आभूषण व नकदी चोरी हो चुकी है।

## साजिद हुसैन बने महासचिव

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम रायपुर खास उर्फ कोटसराय



निवासी साजिद हुसैन को भाकियू (टिकैत) में ब्लॉक नजीबाबाद का महासचिव मनोनीत किया गया है। साजिद हुसैन का कहना है कि संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है।

## सुंगरपुर बेहड़ा में गुलदार, तलाश करता फिर रहा शिकार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में बीती रात बस्ती में गुलदार में देखा गया। गुलदार खेतों की तरफ से दौड़ते हुए आया और गांव के मुख्य मार्ग को क्रॉस करके दूसरी ओर खेतों में चला गया। क्षेत्र के ग्राम सुंगरपुर बेहड़ा में सुधीर कुमार गुर्जर का घर चंदोक मार्ग पर बस्ती के बाहरी छोर पर है। उनके घर के पीछे और सामने सड़क के दूसरी ओर खेत में तथा साइड में एक खाली प्लॉट है। बीती रात्रि 8.11 बजे गुलदार उनके घर के पीछे स्थित खेतों की तरफ से भागते हुए आया तथा खाली प्लॉट से निकलते हुए सड़क क्रॉस करके दूसरी तरफ स्थित खेतों की ओर चला गया। यह



फाइल फोटो

घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। ग्रामीणों का अनुमान है कि गुलदार किसी शिकार को दबोचने के लिये दौड़ रहा था। घटना से ग्रामीण गुलदार के खतरे को देखते हुए अलर्ट हो गये हैं। सुंगरपुर बेहड़ा के आसपास गुलदार पहले भी देखा जाता रहा है। चंदोक-बेहड़ा मार्ग पर गुलदार कई बार बाइक सवारों पर हमले तथा हमले का प्रयास भी कर चुका है। उल्लेखनीय है कि गुलदार इस समय गांव-गांव देखे जा रहे हैं, जिससे किसान, मजदूर भयभीत हैं।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

## भेड़ को उठा ले गया गुलदार

**नांगल सोती (चिंगारी)।** ग्राम गौसपुर निवासी कुंदन सिंह भेड़ों को बस्ती के नजदीक नहर की पटरी के किनारे चराने ले गये थे। अचानक गुलदार खेत से निकलकर आया और एक बकरी को हमला करके मार डाला। कुंदन सिंह के शोर मचाने पर गुलदार भेड़ के शव को छोड़कर खेत में भाग गया। जानकारी मिलने पर कई ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। कुंदन सिंह बाकी भेड़ों की सुरक्षा की खातिर उन्हें घर ले आये। जब वे गुलदार के हमले में मरी भेड़ को गड्ढे में दबाने के लिये कुछ ग्रामीणों के साथ वापस उस स्थान पर पहुंचे, तो भेड़ का शव गायब था। गुलदार वापस आकर भेड़ के शव को उठाकर खेत के अंदर ले गया था।

# महंगाई के विरोध में कल बाजार बंद को बनायें सफल

**बिजनौर (चिंगारी)।** व्यापारी एकता परिषद द्वारा कल 31 अगस्त को बिजनौर बंद का आह्वान किया गया। परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राहुल वर्मा एवं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय मोहन गुप्ता ने बताया कि बढ़ती महंगाई को लेकर बंद का आह्वान किया गया है। उन्होंने कहा कि महंगाई चरम पर पहुंच गई है, जिससे आम जनता पर खर्च का बोझ बढ़ गया है। उन्होंने नगर के व्यापारियों से बंद में सहयोग का आह्वान करते हुए बताया कि व्यापारी एकता परिषद द्वारा महंगाई का पुतला फूंका जायेगा और इस संबंध में प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को देंगे, जिसमें बढ़ती

### व्यापारी एकता परिषद का आह्वान

महंगाई पर अंकुश लगाने की मांग की जायेगी। श्री राहुल वर्मा ने बताया कि पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के साथ-साथ खाने-पीने की चीजों के दामों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी से जनता में हाहाकार मच गया है। इसके अलावा जब से इलेक्ट्रिक मीटर लगे हैं, लोगों का बिजली का बिल ज्यादा आने लगा है। व्यापारी जो देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, ऑनलाइन व्यापार के चलते परेशान हैं। इन सब बातों को लेकर बंद का आह्वान किया गया है।

# रालोद कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई, सम्मेलन की रूपरेखा बनाई

**चांदपुर (चिंगारी)।** राष्ट्रीय लोक दल कार्यकर्ताओं की बैठक में एक सितम्बर को क्षेत्र के ग्राम बागड़पुर में होने वाले कार्यकर्ता सम्मेलन की रूप रेखा बनाई गई। यहां डाक बंगले में रालोद जिलाध्यक्ष ओमपाल सिंह कश्यप की अध्यक्षता एवं विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आनन्द तोमर प्रधान के संचालन में आयोजित बैठक में बताया गया किसम्मेलन में मुख्य अतिथि रालोद के राष्ट्रीय संगठन महासचिव त्रिलोक चंद त्यागी, विशिष्ट अतिथि पंचायत राज प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल सिंह धामा व क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह हांगे। सम्मेलन के आयोजक पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मपाल सिंह ने रालोद कार्यकर्ताओं से कार्यकर्ता सम्मेलन में हजारों की संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह उर्फ बब्बू, संजीव कुमार प्रवक्ता बिजनौर, वीरेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र चिकारा, इमरान कुरैशी, प्रीतम प्रधान, डा. विपिन तोमर, देवेंद्र प्रधान, योगेंद्र प्रधान, सत्यवीर प्रधान, शीशपाल राठी, सबल सिंह, लव



कुमार प्रधान, राजीव कुमार, रावेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार सैनी, सिराजुद्दीन, नजाकत खान, अनुराग मलिक, मोहम्मद नफीस, मनीराम सिंह आदि मौजूद रहे।

# हाकी के जादूगर ध्यान सिंह का जन्मदिन खेल दिवस के रूप में मनाया

## स्टेडियम में छात्र-छात्राओं की हाकी प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्व. शशिधर भट्ट राजकीय स्टेडियम में छात्र-छात्राओं के लिए हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया गया तथा उनके खेल प्रदर्शन, मेहनत और समर्पण की सराहना की गई।

उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का निर्माण करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। खेलों के माध्यम से युवाओं में सकारात्मक सोच और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित होती है। राष्ट्रीय खेल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाने वाला यह दिवस हमें खेलों के प्रति समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्टता की प्रेरणा देता है। वहीं स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलने से युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

इस अवसर पर पार्षद अनिल रावत, पार्षद हिमांशु वर्मा व स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



कोटद्वार स्थित स्व. शशिधर भट्ट राजकीय स्टेडियम में आयोजित हाकी प्रतियोगिता के खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते मेयर शैलेंद्र सिंह रावत।

## छात्रों की हुई मैराथन दौड़, छात्राओं की रस्साकशी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** एमकेवीएन एजुकेशनल ग्रुप द्वारा हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में अन्तर्विद्यालयी 7 किमी मैराथन दौड़ के नवें संस्करण एवं बालिका वर्ग की रस्साकस्सी प्रतियोगिता के छठवें संस्करण का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ मोटरनगर से शुरू होकर एमकेवीएन स्कूल दुर्गापुरी के प्रांगण में समाप्त हुई। मुख्य अतिथि कृषि मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष सुमन कोटनाला, डू समथिंग सोसाइटी के संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी, सेनि. कैप्टन पीएल खंतवाल, शंकर दत्त गौड़ व अन्य अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन का शुभारम्भ किया। क्षेत्र के 30 विद्यालयों के 438 धावकों ने दौड़ में भाग लिया। दौड़ में एसजीआरआर पब्लिक स्कूल के मयंक नेगी प्रथम, इण्टर कॉलेज मोटाढाक के विजय द्वितीय,विद्या मंदिर जानकीनगर के आर्यन रावत तृतीय व जीआईसी इंटर कॉलेज सुखरौ के सुमित कुमार चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं बालिकाओं के लिए आयोजित रस्साकस्सी प्रतियोगिता में क्षेत्र के बारह विद्यालयों ने प्रतिभाग किया, जिसमें एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की छात्राओं ने प्रतियोगिता को जीता वहीं ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल उपविजेता रहा। समापन समारोह में विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

## महाविद्यालय में बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर कोटद्वार स्थित राजकीय महाविद्यालय कोटद्वार में पुरूष व महिला एकल वर्ग बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुये छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। तत्पश्चात आयोजित बैडमिंटन एकल प्रतियोगिता के छात्र वर्ग मे नागार्जुन ने प्रथम स्थान और सुभम ने द्वितीय स्थान वहीं छात्रा वर्ग मे अदिति नेगी ने प्रथम स्थान व सलोनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ. संदीप कुमार, डॉ. संदीप किमोठी, डॉ. अनुपम कोठरी, अरविन्द दुदपुड़ी और डॉ. मोहन कुकरेती आदि मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण के लिये विधायक ओम कुमार से मिले ग्राम पपसरा के लोग

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम पपसरा के लोगों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक ओम कुमार से मिलकर वार्ता की, जिस पर विधायक ओमकुमार ने तत्काल संबंधित विभागीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। शनिवार को ओम सेवा सदन पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पपसरा से पश्चिम की ओर रास्ता अनवरपुर आदिल नसीरपुर तक जा रहा है, जिसकी लंबाई करीब 2 किलोमीटर है। ग्रामीणों ने बताया कि आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश के मौसम में रास्ता पानी और कीचड़ से भर जाता है। उन्होंने कहा कि पपसरा में जाने के लिए इस रास्ते के अलावा कोई दूसरा उचित रास्ता नहीं है। इस रास्ते के बनने से नहटौर से पपसरा आदि गांव जाने का मार्ग किसानों व अन्य ग्राम वासियों के लिए भी काफी सुविधाजनक हो जाएगा। विधायक ओमकुमार ने कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अतुल राठी, अनिल राठी, नागेंद्र सैनी, विनित राठी, बाबू सिंह, कार्तिक, चरण सिंह, छतरपाल सिंह, धन सिंह, योगेंद्र सिंह, सचिन राठी आदि ग्रामीण उपस्थित रहें।



ग्रामीणों की शिकायत को सुनते विधायक ओमकुमार।

## बहन के घर आ रहे भाई व मामा के साथ मारपीट

### कार से मोटरसाइकिल टकराने के बाद हुआ विवाद

**स्योहारा ( चिंगारी )।** बहन के घर आ रहे भाई व मामा की कार एक मोटरसाइकिल से टकराने पर विवाद हो गया और गांव वालों ने मारपीट शुरू कर दी। रविवार को लवकुश पुत्र धर्मवीर निवासी पुरैना थाना नूरपुर अपने बहन के घर अलियारपुर अपने मामा हरि सिंह तथा मुमेर भाई निखिल के साथ जा रहा था। जैसे ही गांव अलियारपुर पहुचे तो मोड़ पर बिट्टू की मोटरसाइकिल कार से टकरा गयी जिसके बाद बिट्टू ने गांव वालो को इकट्ठा किया और कार सवारों के साथ मारपीट शुरू कर दी । घबराए कार सवारों ने 112 पर फोन किया जिसके बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया और सभी को पुलिस थाने ले आयी। थाना अध्यक्ष संजय सिंह का कहना है कि मामले मे जांच की जा रही है। जो विवाद में शामिल थे। उन पर कार्यवाही की जा रही है। शांति व्यवस्था को कोई भी बिगाड़ता है, तो उस पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## न्यायालय के आदेश की अनदेखी कर, नहीं बन रही पुलिया बरसाती नाले पर

### बार के पूर्व अध्यक्ष ने आक्रोश जताया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता अरूण भट्ट ने नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सूर्य नगर व बालासौड़ के मध्य बहने वाले बरसाती नाले पर पुलिया का निर्माण न कराए जाने पर आक्रोश जताया। उन्होंने शासन-प्रशासन पर न्यायालय के आदेशों की अनदेखी का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि पूर्ववर्ती भाजपा की ही सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2012 में सूर्यनगर व बालासौड के मध्य बहने वाले बरसाती नाले पर पुलिया का निर्माण करवाया गया था, लेकिन क्षेत्र के लोगों ने उक्त पुलिया के डिजाइन पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि पुलिया के बीच में बने पिल्लरों के कारण वर्षाकाल में कूडा करकट व पेड़ फंस जाने से क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति पैदा होने की आशंका थी। इसके बाद विभाग ने पुलिया को ध्वस्त कर दिया था। उसके बाद पुलिया निर्माण को लेकर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शशिधर भट्ट ने न्यायालय में वाद दायर किया था, जिसमें न्यायालय की तरफ से तोड़ी गई पुलिया की जगह दूसरी नई पुलिया बनाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अभी तक पुलिया का निर्माण नहीं हो पाया है, जिसके कारण क्षेत्र के लोगों को आवाजाही करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से न्यायालय के आदेशों का पालन कर शीघ्र ही पुलिया का निर्माण करवाए जाने की मांग की है।

## स्पीड ब्रेकर व गड्ढों के कारण बाइक सवार आये दिन हो रहे दुर्घटनाओं के शिकार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शहर में जगह-जगह बने स्पीड ब्रेकरों और सड़कों पर पड़े गड्ढों के कारण लगातार हो रहे हादसों पर रोकथाम की मांग को लेकर बेरोजगार संघ अध्यक्ष राम कंडवाल के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अस्मिता ममगाई को ज्ञापन सौंपा।

इस अवसर पर बेरोजगार संघ अध्यक्ष राम कंडवाल ने कहा कि शहर की सड़कों पर बने खड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। बारिश के कारण पानी भर जाने से खड्ढों का पता नहीं चल पा रहा है, इस कारण विशेषकर दुपहिया वाहन चालकों के साथ हादसे हो रहे हैं। इन हादसों में कई लोगों को अपनी जाने गंवानी पड़ी और कई घायल भी हुए हैं। वहीं जगह-जगह बने कई स्पीड ब्रेकर मानकों के अनुरूप नहीं हैं। अधिकांश ब्रेकरों पर न तो चेतावनी साइन बोर्ड लगाए गए हैं और न ही उन पर सफेद रंग अथवा चूना लगाया गया है, जिससे वाहन चालकों को रात के समय ब्रेकर दिखाई नहीं दे रहे हैं और हादसे हो रहे हैं। पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष रमेश भंडारी ने कहा कि भविष्य में इस प्रकार के हादसों को रोकने के लिए जिम्मेदार विभागों और अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए कार्रवाई की जानी चाहिए। इस दौरान जय देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष शिवानंद लखेड़ा और मनमोहन खंतवाल सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# नेपाल में बाढ़ में बहकर आए बैंक की तिजोरी तोड़कर निकाले 92 लाख

## पुलिस ने 29 लोगों को किया गिरफ्तार

**काठमांडू ( एजेंसी/चिंगारी )।** बाढ़ में बहकर आए बैंक के सेफ को तोड़कर उसमें से रकम निकालने के आरोप में नेपाल पुलिस ने 29 लोगों को गिरफ्तार किया है। यह घटना धादिंग जिले के त्रिशूली नदी क्षेत्र में हुई, जहां भीषण बाढ़ के दौरान एक बैंक का सेफ पानी में बहकर आ गया था। गिरफ्तार किए गए लोगों के पास से 92 लाख 68 हजार 505 नेपाली रुपये नकद बरामद किए गए हैं। यह पूरी कार्रवाई नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल की संयुक्त टीम ने मिलकर की। सशस्त्र पुलिस के सह-प्रवक्ता शैलेन्द्र थापा ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि बाढ़ के तेज बहाव में किसी बैंक का सेफ बॉक्स बह गया था और वह त्रिशूली नदी के किनारे जा फंसा। इसके बाद कुछ लोगों ने मौके का फायदा उठाते हुए सेफ को तोड़ने की कोशिश की, ताकि उसमें रखी रकम निकाली जा सके। पुलिस को इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर टीम भेजी गई और आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। जिला पुलिस कार्यालय धादिंग के प्रवक्ता डीएसपी प्रकाश दाहाल ने भी इस गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि अभी यह पता लगाया जा रहा है कि इस पूरे मामले में और कौन-कौन लोग शामिल हो सकते हैं। साथ ही यह भी जांचा जा रहा है कि बरामद रकम असल में कहां से आई थी और सेफ किस बैंक शाखा का था।



## चितवन में नदी से 233 शव बरामद

**नेपाल में भीषण बाढ़ के बाद चितवन जिले में नदी से अब तक 233 शव बरामद किए जा चुके हैं। इनमें से सिर्फ 4 शवों की पहचान हो पाई है, जबकि 229 शव अब भी अज्ञात हैं। तेजी से सड़ रहे शवों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने में संक्रमण और महामारी का खतरा देखते हुए चितवन प्रशासन ने इन शवों को दफनाने का फैसला किया है। 229 अज्ञात शवों का सामूहिक दफन आज से देवघाट में तय स्थान पर शुरू होगा। दफनाने से पहले प्रत्येक शव का DNA सैंपल लिया जाएगा।**

## ज्यादा शक्कर-तेल वाली खाने-पीने की चीजों पर लगेगी चेतावनी

नई दिल्ली **( एजेंसी/चिंगारी )।** खाने-पीने के किसी पैक सामान में अगर नमक-शकर या सैचुरेटेड फैट की मात्रा लिमिट से ज्यादा हुई तो पैकेट पर षटकोण लाल निशान होगा। चेतावनी भी लिखी होगी। फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (FSSAI) ने यह प्रस्ताव सुप्रीम कोर्ट में पेश किया है। इसका मकसद ऐसे फूड आइटम को लेकर लोगों को सावधान करना है। स्नस्स्ध्ह के प्रस्ताव के मुताबिक, यह वार्निंग लेबल लाल रंग के षटकोण आकार का होगा। इसे पैकेट के सामने लगाया जाएगा। दरअसल, 3S एंड अवर हेल्थ सोसाइटी नाम के एक पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर डिब्बा बंद या पैकेट वाले खाने पर अनिवार्य वार्निंग लेबल लगाने की मांग की थी। इस मामले की पिछली सुनवाई (13 अगस्त) के दौरान जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने स्नस्स्ध्ह को नियमों में देरी के लिए फटकार लगाई थी और पूछा था कि क्या सरकार नहीं चाहती कि उसके लोग स्वस्थ रहें।


मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423



धमाका धमाका धमाका
पुरानी के बदले नयी केवल आधे पैसों में
कोई भी कान की पुरानी मशीन
कमर की कोई भी पुरानी बैल्ट (दर्द के लिए या ऑप्रेशन के बाद)
कोई भी Knee Cap (घुटनों पर चढ़ाने वाली पट्टी)
कोई भी शुगर चैक करने की पुरानी मशीन लायें और नई ले जायें
हमारें यहाँ बड़े व्यक्तियों के लिए डायपर (Adult Diapper) लेटरिन कुर्सी, स्टूल व पोट, यूरिन पोट, व्हील चेयर, बैसाखी, वॉकर, सिकाई करने वाली बोतल, गरम पट्टी (Crape Bandage), Knee Cap, बेल्ट कमर दर्द के लिए, कॉलर, गले के लिए, Dextrose की बोतल, ऑप्रेशन के बाद बंधने वाली बेल्ट, हरनिया बेल्ट, Anti Dandruff Shampoo, Hand Sanitizer, हाथ धोने के लिए (Cotton, Bandage, Glycerin), मरीजों के लिए (Air Bed, Water Bed) आदि सभी सर्जिकल सामान थोक के उचित मूल्यों पर मिलते है। **पुरानी मशीन की रिपेयर भी होती है।**
गोयल मेडिकल स्टोर
नवयुग मार्केट, निकट रोहित होटल, बिजनौर
फोन - 9411012482, 8273387326
नौकरी के लिये युवक-युवतियां सम्पर्क करें।



Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor



Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ.FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर